## मेष



**01 से 09 सितम्बर तक** - माह की शुरूआत में आय और नौकरी, व्यवसाय में लाभदायक स्थिति रहेगी। व्यावसायिक यात्रा पर जा सकते हैं जिसमें सफलता प्राप्त होगी। भाई-बहन के बीच प्रेम भावना बढ़ेगी। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। साधना के माध्यम से मानसिक बल व बाधाओं पर विजय प्राप्त होगी। जिससे विपरीत परिस्थिति भी अनुकूल बनेंगी।

**10 से 16 सितम्बर तक-** इस समय विद्यार्थी वर्ग अपना लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रयासरत रहेंगे। आपको कोई विशेष जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। धन का पर्याप्त प्रवाह आपके जीवन में खुशहाली लायेगा। युवा वर्ग अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय नजर आयेंगे। किसी अंजान व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें।

**17 से 23 सितम्बर तक-** इस समय आप प्रेम, रोमांस पर धन अधिक खर्च करने से बचें। बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पत्नी का स्वास्थ्य भी गड़बड़ होने से किसी काम में मन नहीं लगेगा। निराशा आप पर हावी रहेगी। **सर्व पितृ दोष प्रेत बाधा निवारण दीक्षा** ग्रहण करने से सभी समस्या हल होंगी। **न्यौ. ₹ 1500**

**24 से 30 सितम्बर तक-** इस समय आप काम और परिवार के बीच संतुलन नहीं बिठा पायेंगे। विद्यार्थी कुछ नया सीखने की चाह रखेंगे। बुजुर्गों और बड़े व्यक्तियों का सहयोग आपके भाग्योदय में सहयोगी बनेगा। नये-नये मित्र बनेंगे। समाज या गौ सेवा में लगे रहने से धनागम का प्रबल योग है। जिससे आपके कार्यों में सुधार होगा। इस समय कार्य शीघ्र पूरे होने के संकेत मिल रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अच्छे संबन्ध आपके करियर के विकास के लिये फायदेमंद साबित होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी।

**शुभ तिथियां- 03, 11, 17, 30**

## वृष



**01 से 09 सितम्बर तक-** इस सप्ताह के आरम्भ में वर्तमान ग्रह स्थिति में व्यापार, नौकरी में विकास के अवसर प्राप्त करने के लिये आप अधिकारियों और कार्य स्थल पर सहयोगियों से सहयोग की उम्मीद कर सकते हैं। साथ ही आपको भावनाओं के तूफान में बहने से बचना होगा। आप काफी सोच-विचार कर निर्णय लें। इस समय स्वास्थ्य, प्रसन्नता, मानसिक स्थिति और वित्तीय स्थिति में गिरावट आ सकती है।

**10 से 16 सितम्बर तक-** इस सप्ताह माँ और जीवन साथी के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। हर काम को जल्दी में करने से नुकसान भी हो सकता है जिसका नतीजा आपके परिवार को भी भुगतना पड़ सकता है। उच्च शिक्षा के लिये प्रयासरत लोगों को सफलता प्राप्त होगी, यदि वे अपने अध्ययन के प्रति गंभीर व जाग्रत रहें।

**17 से 23 सितम्बर तक-** इस समय आप अपने जीवन-साथी के साथ किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं। इस समय आप अपने हर कार्य को सोच-समझ कर करें। बच्चों के स्वस्थ पर विशेष ध्यान दें। मौसम के अनुसार खान-पान करें। स्वथ्य रहने के लिये जीवनशैली में योग, प्राणायाम अपनाने से शारीरिक शक्ति में वृद्धि होगी।

**24 से 30 सितम्बर तक-** यह सप्ताह आपके लिये शुभ फल दायक है, दूसरे कार्यों के क्षेत्र खुलेंगे। आपको महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में बाधायें आ सकती है। मनोरंजन से संबंधित गतिविधियों में अधिक खर्च करने से बचना होगा। जुआ, लॉटरी, शेयर बाजार में निवेश करने के लिये अनुकूल समय नहीं है। धन की कमी से परिवार में कलह की स्थिति बन सकती है। आप **अनंत लक्ष्मी दीक्षा ग्रहण** करें। धन, धान्य में वृद्धि होगी। **न्यौ. ₹ 1500**

**शुभ तिथियां- 01, 13, 21, 29**

## मिथुन




**01 से 09 सितम्बर तक-** यह सप्ताह मिश्रित फलदायी होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि और भाग्य का सहयोग प्राप्त होने के प्रबल संकेत प्राप्त हो रहे हैं। नौकरी, व्यापार में आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे। किसी अदृश्य शक्ति से आप परेशान हो सकते हैं। आप किसी को व्यक्त भी नहीं कर पायेंगे क्योंकि लोग आपको ही पागल समझेंगे।

**10 से 16 सितम्बर तक-** शारीरिक कमजोरी आपकी प्रगति में बाधक बन सकती है। इस समय आप आलस्य से बचें। समाज सेवा में रूचि बढ़ेगी। किसी गरीब परिवार की मदद करके आप आत्मिक संतुष्टि का अनुभव करेंगे। परिवार की तनावपूर्ण स्थितियां आपको परेशान कर सकती है। विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत करने के बाद भी सफलता प्राप्त करना मुशिकल सा होगा। **आप सर्व विघ्नहर्ता गणपति वाग्देवी दीक्षा** ग्रहण करें, अनुकूल परिस्थितियों से जीवन में शुभता की वृद्धि होगी। **न्यौ. ₹ 1500**

**17 से 23 सितम्बर तक-** समय अति उत्तम है। पैसों की अनवरत आवक होगी। आप स्व सुधार या अपने में बदलाव के लिये उत्सुक रहेंगे। यह सब बदलाव आप दिल से करेंगे, जिसके परिणाम स्वत: ही सामने आयेंगे। नौकरी में बॉस आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। घर में सास-बहू के बीच प्रेम भाव बढ़ेगा। कुल मिलाकर यह सप्ताह शानदार व्यतीत होगा।

**24 से 30 सितम्बर तक-** यह सप्ताह संतान की शिक्षा, विवाह, कैरियर से सम्बन्धित कार्यों में बाधायें उत्पन्न करेगा, सामाजिक मान-सम्मान में ह्रास होगा। कार्य में संयम बरतें, अति व्यस्तता के चलते परिवार पर ध्यान नहीं दे पायेंगे, जिससे रिश्तों में तनाव रहेगा। पारिवारिक रिश्ते बेहतर बनाने का पूरा प्रयास करें।

**शुभ तिथियां- 05, 10, 16, 26**



## कर्क

**01 से 09 सितम्बर तक-** यह सप्ताह शानदार व्यतीत होगा। आपके सरकारी काम-काज बड़ी आसानी से सम्पन्न होंगे। कोर्ट-कचहरी के लंबित कार्य इस समय किसी की सहायता से सम्पन्न होंगे। धन संबंधी मामलों में किये गये प्रयास में लाभ मिलेगा। घर-परिवार के मामलों में आपकी सलाह सर्वोपरि होगी। सोच-विचारकर किये गये फैसलों का नतीजा आपके पक्ष में होगा।

**10 से 16 सितम्बर तक-** आपको अपनी योजनाओं पर अमल करने तथा खर्च बढ़ने से सम्बन्धी कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। बदलते हालात से तालमेल बैठाने के लिये आपको बुद्धिमत्ता से काम लेना होगा। आपके पीठ पीछे लोग आपकी बुराई कर सकते हैं। समय ठीक नहीं है, सावधान रहें, किसी अनहोनी के संकेत हैं। आप **महाकाल सायुज्य धूमावती शक्तिपात दीक्षा** ग्रहण करें।

**न्यौ. ₹ 1500**

**17 से 23 सितम्बर तक-** आपके साथ धोखा हो सकता है, आप गिर सकते हैं। आपको गंभीर चोट भी लग सकती है। आपके करीबी लोग ही आपसे दूर हो जायेंगे। सप्ताह के मध्य विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे पायेंगे। आप नई परियोजना या कोई व्यवसाय शुरू कर सकते हैं या पुराने कार्य में सुधार करेंगे।

**24 से 30 सितम्बर तक-** मेहमानों के आगमन से घर में चहल-पहल रहेगी। ऐशो आराम पर पूरा ध्यान देंगे। अपना काम शांतिपूर्ण ढंग से करेंगे। पति-पत्नी के मध्य कहासुनी हो सकती है। झगड़े की मुख्य वजह आपका अहं होगा, सारे कार्य अपने अनुकूल बनाने की कोशिश ना करें।यदि कोई विचार आपके दिमाग में आ गया तो उसे निकालना संभव नहीं होगा।

**शुभ तिथियां- 01, 16, 20, 29**



## सिंह

**01 से 09 सितम्बर तक-** इस सप्ताह का आरम्भ ठीक-ठाक रहेगा। आप में दूसरों को आकर्षित करने की कमाल की शक्ति होगी। तनाव से बचें, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें और अपनी आय के स्रोतों पर भी नजर रखें। अपनी दुकान या कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी पर पैनी नजर रखें अन्यथा वे आपकी आंखों के सामने ही आपको नुकसान पहुंचा सकता है। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा में सफलता के योग बन रहे हैं। आप अपने भावी लक्ष्य की तरफ अग्रसर होंगे। **बल-बुद्धि प्रदाता गणपति दीक्षा** ग्रहण कर, मानसिक शक्ति में वृद्धि होगी। **न्यौ. ₹ 1500**

**10 से 16 सितम्बर तक-** सामान्य समय है। मिश्रित फलों की प्राप्ति होगी। पड़ोसियों से सम्बन्धों में मधुरता आयेगी। काम में कोई खास तरक्की नहीं होगी। किन्तु आप भावी कामकाज की रूपरेखा जरूर तैयार करेंगे। नई परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालेंगे व अपनी कार्य क्षमता दोगुनी करने का प्रयास करेंगे।

**17 से 23 सितम्बर तक-** प्रतिस्पर्द्धा में आपकी जीत होगी। कॅरियर से जुड़े जातकों के लिये यह समय सुखद रहेगा। आपको मनचाही कामयाबी मिल सकती है। विवाह योग्य जातकों के विवाह योग भी प्रबल हैं। आपके जीवन साथी के साथ अनुकूल तालमेल रहेगा।

**24 से 30 सितम्बर तक-** मानसिक रूप से स्वयं को चिंता मुक्त महसूस करेंगे। भौतिक और आर्थिक रूप से आप सम्पन्न होंगे। आप लक्ष्य प्राप्ति के बहुत करीब होंगे। लम्बित मामले गति पकड़ेंगे व जीवन में क्रियाशील होने से कार्यस्थल पर नई ऊर्जा महसूस करेंगे, अनेक बाधाओं के बावजूद आपको कार्यो में सफलता की प्राप्ति होगी।

**शुभ तिथियां- 03, 15, 19, 30**



## कन्या

**01 से 09 सितम्बर तक-** आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। समाज में आपकी इज्जत बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे तथा सरकारी कामकाज आसानी से निपटेंगे, नये मकान पर निवेश करने का अच्छा योग है, मध्य में थोड़ा चिंताकारी समय है। मन विचलित रहेगा। आय में कमी के साथ चिंता बढ़ेगी।

**10 से 16 सितम्बर तक-** जीवन साथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। प्रेम प्रस्तावों को टालें। मित्रों की सहायता से अध्ययन संबन्धी कार्य आसानी से बन जायेंगे। आकस्मिक लाभ की प्राप्ति होगी। समय मानसिक संतोषकारी रहेगा। आपको पुरानी चली आ रही बीमारी से छुटकारा प्राप्त करने हेतु **रोग निवारण महामृत्युंज्य दीक्षा ग्रहण** करनी चाहिये। **न्यौ. ₹ 1500**

**17 से 23 सितम्बर तक-** आप बहुत अधिक परेशानी अनुभव करेंगे। यह वह समय है, जब आपको अपने और पराये में भेद महसूस होगा। पेट संबन्धी शिकायत हो सकती है, प्रतियोगि परिक्षाओं की तैयारी कर रहे जातकों को और अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है। पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई तथा तैयारी पर लगाना उपयुक्त होगा। **ऐं बीज मंत्र का जप करें।**

**24 से 30 सितम्बर तक-** समय अति कष्टकारी रहेगा। भाइयों के मध्य बोलचाल या विवाद गहरायेगा। सास-बहू में अनबन हो सकती है। कारोबार या घरेलू मुद्दों में आप कोई गलत निर्णय ले सकते हैं। मध्य में बिगड़ते कामों में सुधार की संभवाना हैं, इस समय कुछ लोग आपकी मदद और कुछ लोग आपकी टांग खींच सकते हैं। संयम बनाये रखें, उलझें नहीं। बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। बाहर का भोजन ग्रहण नहीं करें, सात्विकता से ऊर्जावान रहेंगे।

**शुभ तिथियां- 05, 11, 16, 30**

## तुला



**01 से 09 सितम्बर तक-** इस समय सम्पत्ति सम्बन्धी मामलों व मसलों का हल आपके हित में होगा। नये व्यावसायिक समझौते व अनुबंध होंगे। हालांकि व्यावहारिक धरातल पर लाभ अभी नजर नहीं आयेगा, अपितु दीर्घकालिक लाभ होगा। व्यर्थ के वाद-विवाद व तर्क-वितर्क से बचें। निजी जिन्दगी में किसी की दखलंदाजी आपको अखरेगी। परिवार के किसी सदस्य की ऐसी बात उजागर होगी, जिससे चिंता में पड़ जायेंगे।

**10 से 16 सितम्बर तक-** सरकारी क्षेत्र में आई हुई बाधायें समाप्त होंगी। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे, जिससे आपका मनोबल बढ़ेगा। आप इस समय पूरी सादगी से रहना पसंद करेंगे। आपसी मतभेद व गलतफहमियों का निराकरण हो जायेगा। नई योजनायें व नये उपक्रम के लिये समय अनुकूल है। व्यर्थ के कार्यों में समय व्यतीत ना करें, अपनी ऊर्जा व जोश को सकारात्मक दिशा में लगायें।

**17 से 23 सितम्बर तक-** गम्भीर सोच व बुद्धिबल से काम करने पर सही व सकारात्मक परिणाम आयेंगे। व्यर्थ के कार्यों में समय नहीं गंवायें। सुख के साथ दुःख, हंसी के साथ गम, शुभ के साथ अशुभ का भी साथ रहेगा।

**24 से 30 सितम्बर तक-** शत्रु व विरोधी हावी होने का प्रयास करेंगे। आप अचानक किसी साजिश व षड्यंत्र का शिकार हो सकते हैं। आपके अपने लोग ही आपके लिये घातक हो सकते हैं, कार्यों में बाधायें आयेंगी, इस सप्ताह कुछ भी सरल नहीं होगा, रूके हुये काम पूरी तरह बाधित हो सकते हैं। भवन सम्बन्धी कार्य बीच में ही अटक जायेगा। आप **शत्रु संहारक महाकाली शक्तिपात दीक्षा** ग्रहण करें। जीवन में अनुकूलता अयेगी। **न्यौ. ₹ 1500**

**शुभ तिथियां- 06, 12, 20, 26**

## वृश्चिक



**01 से 09 सितम्बर तक-** आप अपने ज्ञान चक्षु खोलेंगे व किसी मूढ़ को अपना ज्ञान बांटेंगे, लेकिन सावधान रहें ज्यादा ज्ञान बांटना किसी को पसंद नहीं है। भरोसेमंद व विश्वासपात्र साथियों का साथ मिलेगा। अच्छे के साथ-साथ कुछ बुरे समाचार भी प्राप्त होंगे। जीवन साथी से भरपूर सहयोग व प्रेम मिलेगा। व्यापार या नौकरी में आपके लचीले रूख के कारण बात संवर सकती है। आत्म विश्लेषण का भी समय है।

**10 से 16 सितम्बर तक-** वाणी पर नियंत्रण रखें, अन्यथा मुसीबत में पड़ सकते हैं। समय बिलकुल भी आपके पक्ष में नहीं हैं आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन आयेगा। इस समय विद्यार्थी कोई तकनीक या हुनर हासिल कर सकते हैं। पढ़ाई करने वाले बच्चों का पूरा ध्यान पढ़ाई में लगेगा।

**17 से 23 सितम्बर तक-** पति-पत्नी के मध्य हल्की-फुल्की नोंक-झोंक हो सकती है, जिससे परिवार में अस्थिरता का वातावरण बनेगा, आपका या आपके परिवार का स्वास्थ्य खराब रह सकता है। अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। समय खराब है। **आरोग्य शक्ति वृद्धि महामृत्युंजय दीक्षा** ग्रहण करें।

**न्यौ. ₹ 1500**

**24 से 30 सितम्बर तक-** भविष्य को लेकर नई योजनाओं पर विचार कर सकते हैं। वित्तीय मामलों को गंभीरता से निपटाने की जरूरत है। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। अटके धन की प्राप्ति होगी। बच्चों से संबन्धित सारी चिंतायें कम होंगी। महिलायें अति व्यस्तता के कारण अस्वस्थ हो सकती हैं। परिवार में प्यार, खुशी व शांति का माहौल रहेगा। ग्रहों की स्थिति के कारण किसी भी उपाय के लिये समय अनुकूल है।

**शुभ तिथियां- 01, 10,18, 29**

## धनु



**01 से 09 सितम्बर तक-** यह सप्ताह बहुत ही शानदार व्यतीत होगा। आपको घर और बाहर दोनों जगह सहयोग मिलेगा। आपको जीवन के हर स्तर, हर मोर्चे पर सुधार दिखाई देगा। आपको कुछ प्रतिस्पर्द्धा तथा द्वेष का सामना करना पड़ेगा, लेकिन इसका विपरीत असर नहीं पड़ेगा।

**10 से 16 सितम्बर तक-** इस समय आपके साथ कोई ऐसी घटना घटित होगी, जो आपको अन्दर तक झकझोर देगी, जिससे आपका मन अशांत रहेगा। तनाव की स्थितियां उत्पन्न होंगी। आपको शिक्षा सम्बन्धी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मानसिक व शारीरिक रूप से आप किसी बंधन में नहीं रहना चाहेंगे और विद्रोह पर उतर जायेंगे, जिसका परिणाम घातक हो सकता है। अनुचित व्यवहार बिल्कुल ना करें, साथ ही आप अप्रिय स्थितियों के निवारण हेतु **धूम्र विलोचन महाभैरव दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौ. ₹ 1500**

**17 से 23 सितम्बर तक-** इस सप्ताह ग्रह राशियां आपके अनुकूल नहीं हैं, किसी कानूनी पचड़े या मुकदमेबाजी में फंसने का भय है। सगाई सम्बन्धो में सावधानी रखें, अन्यथा टूटने या रिश्तों में खटास आने की संभावना है, जिसके कारण भावनात्मक पीड़ा अनुभव करेंगे। संतान की ओर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आपके घर में प्यार, खुशी, शांति, सद्भाव का माहौल रहेगा।

**24 से 30 सितम्बर तक-** इस सप्ताह आप ईर्ष्या, जलन और विरोध करने वालों को परास्त करने में सफल रहेंगे। प्रियजन या आपकी भलाई चाहनेवालों की नाराजगी से बचें। चिन्ताओं और व्यक्तिगत समस्याओं को दूर करने की जरूरत है। **आप ऊपर दियें गये उपाय को क्रियात्मक रूप दें।**

**शुभ तिथियां- 03, 11, 17, 28**

PMYV



## मकर



## कुंभ



## मीन

### मकर

**01 से 09 सितम्बर तक-** इस समय धन लाभ प्राप्ति के योग प्रबल हैं, कॅरियर व नौकरी में इस वर्ष नया प्रस्ताव मिलेगा। व्यापार व कारोबार में कोई बड़ा ऑर्डर आपके हाथ लग सकता है। वित्तीय व आर्थिक मामलों में खींचतान व कश्मकश बनी रहेगी। आपका अपमान या बदनामी होने की संभावना है। रूपयों-पैसों के मामले में अजनबी व्यक्तियों से व्यवहार नहीं करें। इस समय आर्थिक मामलों में उतार-चढ़ाव होंगे। क्रोध व आवेश पर काबू रखें।

**10 से 16 सितम्बर तक-** झूठी गवाही, दो नम्बर के कार्यों व टैक्स चोरी जैसे आरोपों में आप फंस सकते हैं। बुद्धिमानी से कार्य करें, सम्पत्ति सम्बन्धी विवाद बढ़ सकता है। आप अनावश्यक कार्यों में समय व धन खर्च करेंगे। हाथ में आता-आता भी रूपया रूक व अटक जायेगा। आर्थिक क्षेत्र में मनोनुकूल परिणाम व प्रतिफल नहीं मिल पायेगा। आय बढ़ाने के लिये किये प्रयास निरर्थक ही होंगे। **धूम्र वाराही बगलामुखी दीक्षा** ग्रहण करें।

**न्यौ. ₹ 1500**

**17 से 23 सितम्बर तक-** इस समय आपके जीवन में गज केसरी योग बन रहा है। भाइयों से चला आ रहा मन-मुटाव समाप्त होगा। व्यापार व नौकरी में भी उन्नति सम्भव है। प्रेम व विवाह के मोर्चे पर स्थितियां काफी हद तक आपके अनुकूल रहेंगी। आप स्वयं को तनाव रहित महसूस करेंगे।

**24 से 30 सितम्बर तक-** व्यापार व कारोबार में नये-नये तरीके अपनायेंगे, जो सफल व सार्थक साबित होंगे। यात्राओं पर ज्यादा जोर रहेगा, जितना अधिक यात्रायें करेंगे, उतना ही धन लाभ मिलेगा। बुद्धिबल व चतुराई से काम करें।

**शुभ तिथियां- 03,11,20,28**

### कुंभ

**1 से 09 सितम्बर तक-** समय मानसिक शांतिदायक है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी की डांट-फटकार सुननी पड़ सकती है। कार्यों में व्यस्तता का आलम रहेगा आपको अपने लिये ही समय नहीं मिल पायेगा। व्यापार व व्यवसाय में समझदारी से लिया गया निर्णय आपको लाभ देगा। कलह, वाद-विवाद व लड़ाई-झगड़े से दूर रहें। दूसरों के लड़ाई-झगड़े में उलझकर आप अपना ही नुकसान कर बैठेंगे। कहीं से कोई अशुभ समाचार भी आ सकता है।

**10 से 16 सितम्बर तक-** शत्रु व विरोधी आपका अहित करने की कोशिश व चेष्टा करेंगे, भागीदार व पार्टनर से धीमे-धीमे सम्बन्ध सामान्य होंगे। दौड़-धूप व मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। आपके कार्यों व प्रगति के लिये अनुकूल समय है।

**17 से 23 सितम्बर तक-** ग्रह स्थितियों में बदलाव के साथ परिस्थितियों में भी बदलाव आयेगा। तरोताजा, उत्साहित महसूस करेंगे। विद्यार्थियों के लिये समय एकदम अनुकूल है। लक्ष्य को अपनी आंख से ओझल नहीं होने दें। पति-पत्नी में आपसी सामंजस्य व प्रेम का भाव रहेगा। नये कार्य की योजना तो बनेगी, परंतु उस पर अमल नहीं हो पायेगा। अपमान या बदनामी का भय है। आप पर कोई झूठा आरोप या कलंक लग सकता है। धन हानि के प्रबल योग हैं, **बाधा निवारण काल भैरव दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौ. ₹ 1500**

**24 से 30 सितम्बर तक-** हाथ में आता-आता रूपया रूक व अटक जायेगा। माता-पिता या घर के किसी बड़े-बुजुर्ग का स्वास्थ्य गड़बड़ होगा, जिसे लेकर आपको अस्पताल के चक्कर भी काटने पड़ सकते हैं। रक्तचाप व तनाव को नियंत्रित करें अन्यथा स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी हो सकती है।

**शुभ तिथियां- 02, 15, 21, 30**

### मीन

**1 से 09 सितम्बर तक-**समय शानदार व व्यवस्थित व्यतीत होगा। आप इस समय दोहरी भूमिका में रहेंगे। यह भूमिका घर-परिवार, व्यवसाय, प्रोफेशन आदि के बारे में रहेगी। कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्यायें या कमजोरी रह सकती है, किन्तु खानपान की वजह से या समय पर देख-रेख हो जाने से सब कुछ ठीक हो जायेगा।

**10 से 16 सितम्बर तक-** कॅरियर और व्यक्तिगत लाभ के कार्यों में अपने अहम् को आड़े न आने दें, अन्यथा बनता हुआ काम बिगड़ सकता है। अपनी भाषा को सुधारें। जरूरत से ज्यादा काम का बोझ न लादें। आपके जीवन में आये बदलाव का बाद में लाभ मिलेगा। इससे आपको सुखद और सुरक्षित भविष्य मिलेगा। जरूरत से ज्यादा खर्च हो सकता है, आपके लिए बेहतर होगा **चण्डेश्वरी मातंगी दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौ. ₹ 1500**

**17 से 23 सितम्बर तक-** किसी से झगड़ा हो सकता है। काम समय पर पूरा नहीं होने से आप चिड़-चिड़े हो सकते हैं। मन में उदासी या बेचैनी का भाव रहेगा। सनक की हद तक आप काम करेंगे, जिससे घर-परिवार से दूरी बनेगी। पढ़ाई करने वाले जातक इस समय अपने लक्ष्य को हासिल करके ही दम लेंगे। आप अपनी क्षमताओं का भरपूर उपयोग करें। व्यर्थ की दोस्ती-यारी से दूर रहें।

**24 से 30 सितम्बर तक-** आप कोई भी कार्य बहुत ही ठंडे दिमाग से करेंगे। व्यापार में लगाया गया धन दोगुना हो सकता है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आपमें काम करने की इच्छा तो रहेगी, लेकिन कर कुछ नहीं पायेंगे। आपमें ईर्ष्या का भाव जागृत होगा, जो कि आपके व्यक्तित्व के सरासर विपरीत है, अत: इसमें सुधार करें।

**शुभ तिथियां- 06, 13, 23, 29**



PMYV